# छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल
# पुराना नर्सेस हास्टल, संचालनालय चिकित्सा शिक्षा
# रायपुर, छत्तीसगढ़

क्रमांक / रजि0 नर्सिंग कां0 / 2022 / 2343 रायपुर, दिनांक 29 / 08 / 2022

प्रति,

समस्त शासकीय / निजी
जी.एन.एम. नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र (छ.ग.)

विषयः– छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल द्वारा आयोजित 36वीं काउन्सिल मुख्य / पूरक परीक्षा, पाठ्यक्रम जी.एन.एम. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, के नियमित छात्रों के पुनर्मूल्यांकन(Re-Evaulation) / पुणर्गणना (Re-totaling) की सूचना बाबत्।

–::000::–

छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल द्वारा आयोजित **(36वीं काउन्सिल मुख्य / पूरक परीक्षा)** के पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन आंमत्रित किए जाते है। आवेदन फार्म भरने कि अंतिम तिथि **06 / 09 / 2022** है।

**पुनर्मूल्यांकन / पुणर्गणना आवेदन – पत्र संबंधी प्रकिया के निर्देश निम्न है :–**

1. समस्त प्राचार्या / परीक्षार्थी, काउन्सिल द्वारा पुनर्मूल्यांकन / पुणर्गणना हेतु निर्धारित नियमों व निर्देशो का समुचित अध्ययन करने के उपरांत नियमों के अधीन पुनर्मूल्यांकन / पुणर्गणना हेतु आवेदन करे।
2. छात्र अपना आवेदन पत्र सोच समझकर सही सही भरे। आवेदन पत्र के किसी भी प्रकार का सुधार करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
3. **आवेदन केवल प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्या द्वारा सत्यापित कर एवं संस्था के माध्यम से ही छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल की ओर प्रेषित करें।**
4. जी.एन.एम. परीक्षाओं के परिणाम पश्चात् नियमित छात्र के रूप में सम्मिलित छात्र निम्नानुसार पुनर्मूल्यांकन / पुणर्गणना करवाने के पात्र होगें।

(अ) जी.एन.एम. प्रथम, द्वितीय वर्ष के नियमित छात्र जो दो विषय में उत्तीर्ण हो।

(ब) जी.एन.एम. तृतीय वर्ष के नियमित छात्र जो एक विषय में उत्तीर्ण हो।
उक्त पुनर्मूल्यांकन / पुणर्गणना प्रायोगिक (Practical) व आंतरिक (Internal) प्राप्तांक पर लागू नहीं होगा।

5. पुनर्मूल्यांकन / पुणर्गणना हेतु आवेदन पत्र निम्नलिखित नियमों के आधार पर पात्रतानुसार स्वीकार्य नहीं किया जावेगा।

(अ) पूरक / ए.टी.के.टी की श्रेणी से सम्मिलित द्वितीय पूरक परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन / पुणर्गणना हेतु आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जावेगे।



P.T.O....

Registrar
C.G. Nurses Reg. Council
Raipur (C.G.)

Cont….

6. आवेदक को पुनर्मूल्यांकन या पुणर्गणना में से किसी एक ही आवेदन की पात्रता होगी।
7. पुनर्मूल्यांकन आवेदन हेतु टी.आर.शीट/ऑनलाईन पेमेंन्ट की प्रतिलिपि लगाना अनिवार्य है।
8. पुनर्मूल्यांकन/पुणर्गणना शुल्क **500 रू.** प्रति विषय केवल Online Payment Mode द्वारा ही मान्य होगा।
9. अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रो पर विचार नहीं किया जाएगा।

10 परीक्षार्थीयों को पुनर्मूल्यांकन/पुणर्गणना परिणाम की सूचना/जानकारी संबधित संस्था के माध्यम से **Website – www.cgnrc.org** के माध्यम से प्राप्त होगी।

11 परीक्षार्थीयों को पुनर्मूल्यांकन/पुणर्गणना परिणाम घोषित होने के एक माह के अंदर संबधित परीक्षा (यदि उनके परिणाम घोषित नहीं हुए हो तो) काउन्सिल को अवगत कराना आवश्यक है, ताकि इस संबंध कार्यवाही किया जा सके।

13 पुनर्मूल्यांकन/पुणर्गणना के लिए छात्रो द्वारा एक से अधिक आवेदन पत्र जमा किये जाने पर मान्य नहीं किया जायेगा।

**नोटः–** **1. पुनर्मूल्यांकन/पुणर्गणना केवल नियमित परीक्षार्थीयों के लिये ही लागू होगा।**
**2. शेष पूरक एंव ए.टी.के.टी. विद्यार्थीयों के परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि दिनांक 06/09/2022 होगी।**

29/08/22

रजिस्ट्रार
छ.ग. नर्सेस रजि. काउन्सिल
रायपुर, छ.ग.

Registrar
C.G. Nurses Reg. Council
Raipur (C.G.)

क्रमांक/रजि0 नर्सिंग कां0/2022/ रायपुर, दिनांक / /2022

प्रतिलिपी :–

1. अध्यक्ष, छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. आवक–जावक शाखा, स्थानिय कार्यालय की ओर सादर सूचनार्थ।
3. वेबसाईट प्रति।

रजिस्ट्रार
छ.ग. नर्सेस रजि. काउन्सिल
रायपुर, छ.ग.